समाचार

नोवल कोरोना वायरस

# आपदा की घड़ी में जरूरतमंदों के लिए खुले हाथ से सहयोग दे रहे दानदाता

## (राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल एवं महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने दिया धन्यवाद)

## (अब तक राशन सामग्री की 4000 किट दी दानदाताओं ने, आज सीपेट ने आयुक्त श्री राहुल देव को सौपा 02 लाख रू. का सहयोग तो एक्सिस बैंक ने दिए 500 राशन सामग्री किट, अथक परिश्रम कर निगम के अधिकारी कर्मचारी जरूरतमंदों तक पहुंचा रहे राशन सामग्री)



कोरबा 08 अप्रैल 2020 –राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल एवं महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद की अपील पर इस आपदा की घड़ी में जरूरतमंदों की सहायता एवं उन्हें खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए शहर के दानदाता खुले हाथ से सहयोग कर रहे हैं, लाकडाउन के दौरान अब तक 4000 से अधिक राशन सामग्री युक्त किट दानदाताओं द्वारा निगम को उपलब्ध कराई गई है, जिससे 20 हजार से अधिक व्यक्तियों को राशन प्रदान किया जा चुका है, वहीं विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से प्रतिदिन औसतन ढाई से तीन हजार लोगों को बना हुआ भोजन दिया जा रहा है। निगम के अधिकारी कर्मचारी अथक परिश्रम कर जरूरतमंदों तक राशन सामग्री किट पहुंचा रहे हैं। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल एवं महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने दानदाताओं को धन्यवाद दिया है तथा उनकी संवेदनशीलता व दानशीलता की सराहना की है।

नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव व नियंत्रण हेतु लागू किए गए लाकडाउन के दौरान कोई भी व्यक्ति भूखा न रहे, उसे भोजन उपलब्ध हों, खाने–पीने की चिंता न सताये इस दिशा में महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल एवं आयुक्त श्री राहुल देव के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम कोरबा पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य कर रहा है। शहर के दानदाताओं के सहयोग से एक ओर जहां ऐसे जरूरतमंद व्यक्तियों को जिनके पास राशन कार्ड नहीं है, राशन नहीं है और राशन के लिए पैसे भी नहीं है, उन्हें चावल, दाल, आलू, प्याज, नमक, मसाला आदि सामग्रियों से युक्त राशन सामग्री किट उनके घर पहुंचकर दिए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर नगर की स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से भिक्षुक, बेसहारा, असहाय या ऐसे व्यक्ति जो भोजन नहीं बना सकते हैं, उन्हें प्रतिदिन बना हुआ भोजन उनके ठिकानों पर पहुंचकर प्रदान किया जा रहा है। अब तक 4000 से अधिक राशन सामग्री किट के माध्यम से 20 हजार से अधिक व्यक्तियों को राशन प्रदान किया गया है, वहीं प्रतिदिन औसतन ढाई से तीन हजार लोगों को बना हुआ भोजन कराया जा रहा है।

**आज सीपेट ने दिए 02 लाख रू., एक्सिस बैंक ने 500 राशन किट**– आज निगम कार्यालय साकेत भवन में एक्सिस बैंक के शाखा प्रबंधक अरूण मिश्रा व उप प्रबंधक निशांत कुमार सिंह ने 500 राशन सामग्री किट उपलब्ध कराएं, आयुक्त श्री राहुल देव ने उनसे यह राशन सामग्री किट ग्रहण की। इसी प्रकार प्लास्टिक इंजीनियरिंग कालेज स्याहीमुड़ी सीपेट के प्रशासनिक अधिकारी सकर्षण तिवारी ने जरूरतमंदों के सहयोग के

लिए 02 लाख रूपये का सहयोग आयुक्त श्री राहुल देव को सौपा। इस मौके पर निगम के अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा एवं सीपेट के तकनीकी अधिकारी अक्षय खटोल भी उपस्थित थे। इस मौके पर आयुक्त श्री राहुल देव ने सीपेट के प्रशासनिक अधिकारी श्री सकर्षण तिवारी से कहा कि वे एक स्थल चिन्हाकित कर वहां पर सेनेटाईजेशन टनल स्थापित कराएं, जिस पर उन्होने अपनी सहमति दी तथा तुरंत आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया।

**दानदाताओं ने दिया खुले हाथ सहयोग**– जरूरतमंदों को राशन सामग्री उपलब्ध कराने के लिए दानदाताओं द्वारा खुले हाथ से सहयोग दिया जा रहा है, राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल, सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत एवं कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल ने भी आगे आकर जरूरतमंदों के लिए राशन सामग्री निगम को दी है, वहीं नगर निगम कोरबा ने अपने स्वयं के मद से 1000 राशन सामग्री किट, खाद्य विभाग ने 900 राशन सामग्री किट जरूरतमंदों को उपलब्ध कराई, वहीं 400 किलोग्राम चावल व 03 बोरी नमक निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने जरूरतमंदों हेतु निगम में जमा कराया। शहर के दानदाताओं व संस्थाओं में छ.ग.रा.वि.उ.कं. कोरबा पूर्व ने 100, कोरबा पश्चिम ने 200, डी.एस.पी.एम. ने 100, एक्सिस बैंक ने 500, पंजाब नेशनल बैंक ने 300, इण्डसन्ड बैंक ने 300, आर्ट आफ लिविंग ने 100, ठेकेदार संघ ने 100, बीटा इंजीनियरिंग ने 200, मानव सहअस्तित्व संस्था ने 20 तथा कैलाश केक कोरबा ने 42 नग राशन सामग्री किट जरूरतमंदों के लिए निगम को उपलब्ध कराई।

**स्वयंसेवी संस्थाओं की संवेदनशीलता प्रशंसनीय** – लाकडाउन के दौरान जरूरतमंदों को बना हुआ भोजन उपलब्ध कराने में स्वयंसेवी संस्थाओं की संवेदनशीलता प्रशंसनीय है, जो लाकडाउन के दौरान लगातार बना हुआ भोजन जरूरतमंदों के लिए उपलब्ध करा रहे हैं। अग्रवाल समाज कोरबा, रोटरी क्लब, लायंस क्लब, गायत्री प्रज्ञापीठ, जैन समाज, छत्तीसगढ़ हेल्प वेलफेयर सोसायटी, आर्ट आफ लिविंग, संकल्प महिला मण्डल, बंगाली कल्चरल एसोसिएशन काली मंदिर बालको, एक्ट आफ ह्यूमिनिटी, जंगली फैमिली कोरबा, अनंत इमेजिन वेलफेयर सोसायटी, पुलिस विभाग, नारी शक्ति समिति, मानव आपदा प्रबंधन समिति, मां वैष्णो देवी समिति, ब्लाक कांग्रेस कमेटी दर्री सहित अन्य संस्थाओं नेइस दौरान बना हुआ भोजन उपलब्ध कराया।